Raj Express (Indore), 25th June 2026, Page- 03

807 विद्यार्थी को मिलेगी उपाधि, आईआईटी इंदौर महत्वपूर्ण उपलब्धि का बनेगा साक्षी

14वां दीक्षांत समारोह 27 को नीति आयोग सदस्य होंगे शामिल

● इंदौर/ राज न्यूज नेटवर्क

आईआईटी इंदौर का 14 वां दीक्षांत समारोह 27 जून को होने जा रहा है। इस अवसर पर नीति आयोग के सदस्य व भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के पूर्व सचिव प्रोफेसर अभय करंदीकर बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। आईआईटी इंदौर के शासी मंडल के अध्यक्ष डॉ. के. शिवन दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगे, जबकि संस्थान के निदेशक प्रोफेसर सुहास एस. जोशी समारोह की मेजबानी करेंगे। दीक्षांत समारोह के दौरान कुल 807 विद्यार्थियों को उपाधियां दी जाएगी। उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में 111 पीएचडी शोधार्थी, 356 बीटेक विद्यार्थी, 146 एमटेक विद्यार्थी (जिनमें हाइब्रिड एंड इलेक्ट्रिक व्हीकल टेक्नोलॉजी कार्यक्रम के 19 विद्यार्थी व सेंटर ऑफ फ्यूचरिस्टिक डिफेन्स एंड स्पेस टेक्नोलॉजी के एमटेक कार्यक्रम के 2 विद्यार्थी शामिल हैं), 23 एमएस (रिसर्च) विद्यार्थी, 102 एमएससी विद्यार्थी व एमएसडीएसएम कार्यक्रम के 69 विद्यार्थी हैं।

महत्वपूर्ण उपलब्धि का बनेंगे साक्षी

दीक्षांत समारोह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का साक्षी बनेगा और इसमें वोल्वो आयशर कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड के कर्मचारियों के लिए विशेष रूप से संचालित एमटेक इन हाइब्रिड एंड इलेक्ट्रिक व्हीकल टेक्नोलॉजी कार्यक्रम के प्रथम दो बैचों के विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। साथ ही, सेंटर ऑफ फ्यूचरिस्टिक डिफेन्स एंड स्पेस टेक्नोलॉजी के एमटेक कार्यक्रम के प्रथम बैच का भी उपाधि प्राप्त करना संस्थान की उद्योगोन्मुखी व सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शैक्षणिक कार्यक्रमों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

सात स्पर्ण पदक

दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक उत्कृष्टता के सम्मानस्वरूप सात प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक प्रदान दिए जाएंगे। इनमें राष्ट्रपति स्वर्ण पदक, बूटि फाउंडेशन स्वर्ण पदक, वी.पी.पी. मेनन स्वर्ण पदक, संस्थान स्वर्ण पदक, अगम प्रसाद स्मृति स्वर्ण पदक, श्री गण्टि सुब्बा राव एवं श्रीमती गण्टि वेंकट रमाणी पुरस्कार व नवस्थापित अशोक बंसल स्मृति स्वर्ण पदक शामिल हैं। अशोक बंसल स्मृति स्वर्ण पदक प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष में आईआईटी इंदौर के सभी विभागों में किसी महिला शोधार्थी की ओर से प्रस्तुत सर्वश्रेष्ठ पीएचडी शोधप्रबंध (डिसर्टेशन) के लिए प्रदान किया जाता है।

आठ विद्यार्थी को रजत पदक

विभिन्न श्रेणियों में आठ विद्यार्थियों को संस्थान रजत पदक प्रदान किए जाएंगे, जिनमें बीटेक विद्यार्थियों के लिए पांच संस्थान रजत पदक, एमएससी व एमटेक विद्यार्थियों के लिए एक-एक स्नातकोत्तर (पीजी) रजत पदक व एमएसडीएसएम कार्यक्रम के लिए एक रजत पदक शामिल है। स्नातक स्तर पर अनुसंधान एवं नवाचार में उत्कृष्टता को सम्मानित करने के लिए संस्थान की ओर से सर्वश्रेष्ठ बीटेक परियोजना पुरस्कार भी दिया जाएगा।